E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in
Phone/Fax No :- 01372-252175

।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक 2474 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, जनवरी 12 /2016

सेवा में,

अधिशासी अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
कर्णप्रयाग।

विषयः– **कोटी बैण्ड से घतोड़ा मोटर मार्ग एवं बगोली–कोटी मोटर मार्ग का विस्तार।**

संदर्भः– **दिनांक 11–01–2016 को किया गया स्थलीय निरीक्षण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 11–01–2016 को उक्त दोनों मोटर मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान देखा गया कि प्रस्ताव में संलग्न वृक्षों की सूची में अंकित वृक्षों की संख्या स्थल पर मौजूद वृक्षों से काफी कम प्रतीत होती है, जिस कारण दोनों मोटर मार्गों का पुनः संयुक्त निरीक्षण कर वृक्षों की गणना की जानी है। इसमें पहले वृक्ष गणना 04–02–2012 को की गयी थी।

अतः आप इस वन प्रभाग के कर्मचारियों के साथ उक्त दोनों मोटर मार्गों में पड़ने वाले वृक्षों की सही–सही गणना कर पुनः संशोधित सूची तैयार कराकर पार्ट–। में अपलोड करते हुए इस कार्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरणों में इस स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(एन०एन० पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांक 2474 / 12-1 उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपिः– वन क्षेत्राधिकारी, पश्चिमी पिण्डर रेंज, नारायणबगड़ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे प्रस्तावक विभाग के साथ प्रश्नगत मोटर मार्गों का पुनः संयुक्त निरीक्षण कर वृक्षों की संशोधित सूची इस कार्यालय एवं प्रस्तावक विभाग को अतिशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(एन०एन० पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।